दिन–शनिवार दिनांक– 07 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. भारत ने एशियाई खेलों में सौ से अधिक पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं।

02. बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले की जांच के लिए आर्थिक अपराध इकाई ने एसआइटी का गठन किया। एसआईटी का नेतृत्व डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो करेंगे।

03. प्रदेश में डेंगू के मामलों में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। डेंगू मरीजों की संख्या नौ हजार के आंकड़े के पार।

04. और, बैंकों में दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने की समय सीमा समाप्त। अब केवल रिजर्व बैंक के कार्यालयों से ही बदलवाए जा सकेंगे दो हजार रूपये के नोट।

———————————————

एशियाई खेलों में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल एक सौ सात पदक जीत लिया है। इन खेलों के चौहत्तर वर्षों के इतिहास में भारत ने पहली बार यह उपलब्धि हासिल की है। भारत अट्ठाईस स्वर्ण, अड़तीस रजत तथा इकतालीस कांस्य सहित कुल एक सौ सात पदक जीतकर चौथे स्थान पर है और यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। एक रिपोर्ट——

———बाईट———

पुरुष क्रिकेट में भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वर्षा बाधित मैच का निर्णय वरीयता के आधार पर किया गया और भारत को स्वर्ण पदक मिला। पुरूषों की कबड्डी के फाइनल में भारत ने ईरान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, महिला कबड्डी में भी भारत ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। बैडमिंटन के पुरुष डबल्स में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीत लिया है। तीरंदाजी में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए महिला कंपांउड के फाइनल में दक्षिण कोरिया की सो सी को 149–145 के अंतर से पराजित स्वर्ण पदक जीता। पुरुष कंपाउंड के फाइनल मैच में ओजस देवतले ने स्वर्ण पदक और अभिषेक वर्मा ने रजत पदक जीता। आज का पहला पदक महिला कंपाउंड तीरंदाजी के सिंगल्स में अदिति ने कांस्य पदक के रूप में जीता। पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती के 86 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक पुनिया को रजत पदक मिला है। वहीं, महिला हॉकी में भारत ने जापान को हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

———————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में सौ से अधिक पदक जीतने पर खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए सभी एथलीटों को

बधाई दी है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी इस उपलब्धि पर भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

——————————————————————————

बैंकों में दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने की समय सीमा आज समाप्त हो गयी। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार दो हजार रूपये का नोट वैध मुद्रा होने के बावजूद कल से बैंक या अन्य प्रतिष्ठानों में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई व्यक्ति दो हजार रूपये का नोट बदलना चाहता है तो वह एक मुश्त बीस हजार रुपये तक की राशि देशभर के रिजर्व बैंक के कार्यालयों से बदलवा सकता है।

——————————————————————————

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुजफ्फरपुर के चर्चित किडनी कांड मामले में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव तथा जिलाधिकारी और एसएसपी को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया है। साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि लगभग एक वर्ष पूर्व जिले के बरियारपुर में एक फर्जी डॉक्टर ने एक महिला की दोनों किडनी निकाल ली थी। इस मामले में मानवाधिकार आयोग ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को पीड़िता का किडनी प्रत्यारोपण करवाने और इस संबंध में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस संबंध में कार्रवाई नहीं किये जाने पर आयोग ने अधिकारियों को तलब किया है।

——————————————————————————

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने जातीय गणना के आंकड़ों के आधार पर राज्य मंत्रिमंडल में अति पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जल्द से जल्द अपने मंत्रिमंडल का पुर्नगठन करना चाहिए।

———बाईट———

——————————————————————————

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने जाति आधारित सर्वेक्षण के आंकड़ों से छेड़छाड़ के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि आंकड़ों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों का संग्रह और प्रस्तुतीकरण वैज्ञानिक तरीके से हुआ है। श्री यादव ने इस संबंध में विपक्षी दलों के आरोपों पूरी तरह गलत बताया।

———बाईट———

——————————————————————————

बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले की जांच के लिए आर्थिक अपराध इकाई ने एसआइटी का गठन किया है। एसआइटी का नेतृत्व डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो करेंगे। वहीं, आईपीएस सुशील कुमार समेत पुलिस उपाधीक्षक स्तर के छह, तेरह इंस्पेक्टर और दो अवर निरीक्षक एसआइटी में शामिल किये गये हैं। आर्थिक अपराध इकाई को बाईस जिलों में दर्ज चौहत्तर मामलों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

——————————————————————————

भाजपा ने सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को मुआवजा देने की सरकार से मांग की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए और केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष को तत्काल पद से हटाना चाहिए।

———बाईट———

——————————————————————————

मोक्षनगरी गया में अपने पूर्वजों की मोक्ष की कामना को लेकर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक रिपोर्ट———

———बाईट———

———बाईट——मंत्र——

गयाजी में देश ही नहीं विदेशों से भी लोग अपने पितरों के पिंडदान के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें युद्धग्रस्त यूक्रेन की यूलिया जीटो मेरास स्काई भी हैं। यूलिया ने युद्ध के दौरान मारे गए अपने माता–पिता, परिजनों और अन्य लोगों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण किया। पेशे से मनोवैज्ञानिक यूलिया ने बताया कि वे इससे पहले भी गया आ चुकी हैं और यहां आकर उनको मानसिक शांति मिलती है।

———बाईट———

आचार्य लोकनाथ गौड़ ने विधि–विधान से यूलिया और उनके साथियों को कर्मकांड संपन्न कराया। उन्होंने बताया कि गयाजी के महत्व के बारे में यूलिया को एक धर्मगुरु से जानकारी मिली थी।

———बाईट———

हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृपक्ष में श्राद्धकर्म, तर्पण और पिंडदान करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। इधर, आज बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विष्णुपद मंदिर में सोलह वेदी के पास अपने पितरों की मोक्षकामना को लेकर पिंडदान किया। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

——————————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पैंतीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सीतामढ़ी का पुपरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, इसी अवधि में पश्चिम चंपारण के

वाल्मीकिनगर में सबसे अधिक अड़तालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————

राज्य में डेंगू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के दो सौ अट्ठावन नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ अड़सठ नए मामले सामने आये हैं। डेंगू मरीजों की संख्या नौ हजार के आंकड़े को पार कर गयी है। इधर, डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए पटना एम्स में तीस बेड वाला विशेष वार्ड बनाया गया है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सी.एम. सिंह ने बताया कि यदि मरीजों की संख्या बढ़ती है तो आगे भी बेडों की संख्या बढ़ायी जायेगी।

———बाईट———

———————————————————————

राज्य सरकार ने दस जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी समेत बिहार प्रशासनिक सेवा के सत्तर पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है। सीनियर डिप्टी कलेक्टर, भूमि सुधार उपसमाहर्ता और लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी स्तर के अधिकारियों का तबादला किया गया है। वहीं, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रशांत कुमार को बिहार विकास मिशन के मुख्य महाप्रबंधक की भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके अलावा प्रियंका कुमारी दरभंगा की एसडीएम बनायी गयी हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————————

पटना के गांधी मैदान के पास नौकरी स्थायी करने समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रही जीविका दीदीयों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का भी प्रयोग किया गया। जीविका दीदी वेतनमान और नौकरी स्थायी करने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रही हैं।

———————————————————————

बिहार में पहली बार पटना में दो दिवसीय ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पंजाब और हरियाणा के साथ साथ दस विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश के प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के रीगा–मेजरगंज पथ के मझौरा मोड़ के पास अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर दो लाख तीस हजार रूपये लूट लिये।

———————————————————————

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत फर्जी तरीके से लाभ लेने के मामले में कृषि विभाग ने कैमूर जिले के तीन हजार एक सौ इक्यानवे किसानों को नोटिस जारी किया है।

———————————————————————

नालंदा मंडल के सभी तीन सौ बाईस शाखा डाकघर डिजिटल सेवा से जुड़ गये हैं। अब इन डाकघरों में एंड्रायड फोन से उपभोक्ताओं को सभी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी।

———————————————————————

जहानाबाद में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा निकाली गयी। इसमें सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं, औरंगाबाद में भी सीआरपीएफ की ओर से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भारत ने एशियाई खेलों में सौ से अधिक पदकों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं।
02. बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले की जांच के लिए आर्थिक अपराध इकाई ने एसआइटी का गठन किया। एसआईटी का नेतृत्व डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो करेंगे।
03. प्रदेश में डेंगू के मामलों में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। डेंगू मरीजों की संख्या नौ हजार के आंकड़े के पार।
04. और, बैंकों में दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने की समय सीमा समाप्त। अब केवल रिजर्व बैंक के कार्यालयों से ही बदलवाए जा सकेंगे दो हजार रूपये के नोट।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।